# नदी प्रदूषण समाप्ति योजना

## चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (National River Conservation Plan- NCRP) के माध्यम से विभिन्न नदियों के चिन्हित भागों में प्रदूषण समाप्त करने के राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता प्रदान करने हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में देविका तथा तवी नदियों के प्रदूषण को समाप्त करने के लिये एक परियोजना को स्वीकृति दे दी है।

## परियोजना के तहत किये जाने वाले प्रमुख कार्य

- परियोजना के अंतर्गत 129.27 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी जो उधमपुर शहर से गंदे जल की निकासी सुनिश्चित करेगी।
- गंदे जल की निकासी के लिये 3 पंपिंग स्टेशन स्थापित किये जाएंगे और गंदे पानी की सफाई करने वाले तीन संयंत्र लगाए जाएंगे जिनकी दैनिक क्षमता 13.60 मिलियन लीटर होगी।
- इस परियोजना के अंतर्गत गैर-सीवर कार्यों को भी कवर किया जाएगा तथा तीन घाटों पर रिवर फ्रंट विकसित किये जाएंगे जिनकी लंबाई लगभग 340 मीटर होगी। इसमें धार्मिक त्योहारों/ उत्सवों के अवसर पर भारी भीड़ वाला मेला घाट शामिल है।
- शवदाह में लकड़ी की खपत कम करने के लिये दो उन्नत शवदाह गृह बनाए जाएंगे और राख निष्पादन की व्यवस्था की जाएगी।

## परियोजना की अवधि

- यह परियोजना मार्च, 2021 तक पूरी की जाएगी और इसे शहरी इंजीनियरिंग तथा पर्यावरण विभाग (Urban Engineering and Environment Department -UEED) द्वारा लागू किया जाएगा।

## परियोजना से होने वाले लाभ

- परियोजना पूरी होने से दोनों नदियों के प्रदूषण बोझ में कमी का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा।
- शहर में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था होने और गंदे पानी की सफाई करने से उधमपुर शहर के सौंदर्य और स्वच्छता परिस्थितियों में सुधार होगा।

## परियोजना के लिये स्वीकृत राशि

- परियोजना हेतु कुल स्वीकृत राशि 186.74 करोड़ रुपए है और यह राशि 90:10 लागत आधार पर भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार वहन करेगी।
- परियोजना में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 166.86 करोड़ रुपए की होगी और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 18.08 करोड़ रुपए होगी।

## उधमपुर की नदियों में प्रदूषण का का कारण

- उधमपुर की देविका और तवी नदियों में प्रदूषण का प्रमुख कारण इन नदियों में गंदे पानी का गिरना है।
- उल्लेखनीय है कि उधमपुर में अभी तक न तो कोई सीवर प्रणाली है और न ही गंदे पानी के शोधन के लिये कोई संयंत्र है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/environment-ministry-sanctions-river-pollution-abatement-project-in-udhampur